

## मेदांता हॉस्पिटल से पूनम पैलेस तक बनेगी आदर्श रोड

**सत्य साईं चौराहा से शांति निकेतन मार्ग को हरियाली से करेंगे अच्छादित**

**महापौर ने किया वार्ड 31 के अंतर्गत मुख्य मार्ग एवं सर्विस रोड का निरीक्षण**



**इंदौर. मेदांता हॉस्पिटल से पूनम पैलेस कॉलोनी तक के मार्ग को आदर्श रोड के रूप में विकसित किया जाएगा. सत्य साईं चौराहा से शांति निकेतन तक के मार्ग को हरियाली की दृष्टि से और भी आकर्षक बनाया जाएगा. इसके संबंध में महापौर ने निर्देश दिए हैं.**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने आज प्रातः वार्ड क्रमांक 31 और आसपास के मुख्य मार्ग एवं सर्विस रोड का निरीक्षण किया. महापौर ने विजयनगर चौराहा से सत्य साईं चौराहा होते हुए देवास नाका तक, राजा बाग कॉलोनी से निपानिया चौराहा, भूसा मंडी रोड, स्कीम नंबर 94, बॉम्बे हॉस्पिटल चौराहा, शांति निकेतन, रेडिसन चौराहा, पूनम पैलेस कॉलोनी, आदर्श मेघदूत नगर होते हुए मेदांता हॉस्पिटल चौराहा तक मुख्य मार्ग एवं सर्विस रोड का निरीक्षण किया. महापौर ने निर्देशित किया कि मेदांता हॉस्पिटल से पूनम पैलेस कॉलोनी तक के मार्ग को आदर्श रोड के रूप में विकसित किया जाए। इसके साथ ही सत्य साईं चौराहा से शांति निकेतन तक के मार्ग को हरियाली की दृष्टि से और भी आकर्षक बनाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं.

**सर्विस रोड का पेच वर्क करें**

महापौर ने सर्विस रोड पर आवश्यक पैच वर्क और रिपेयर कार्य शीघ्र करवाने के निर्देश दिए. इस निरीक्षण का उद्देश्य शहर के प्रमुख मार्गों को बेहतर और सुरक्षित बनाना है, जिससे नागरिकों को सुगम यातायात और साफ-सुथरी सड़कों का अनुभव हो सके.

## करोड़ों की धोखाधड़ी के आरोपियों की अग्रिम जमानत

**इंदौर.** चंदन नगर थाने में पिछले दिनों करोडों की धोखाधड़ी के आरोपियों को अग्रिम जमानत मिल गई है.

सूत्रों ने बताया कि चंदन नगर पुलिस ने नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के नाम से धमकाने वाले बसंत विजयवर्गीय और अखिल उपासनी के खिलाफ चंदन नगर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया था. इन पर आरोप हैं कि उन्होंने 5.62 करोड़ की धोखाधड़ी की है. इस पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 420 और 406 के तहत प्रकरण दर्ज कर कोर्ट में पेश किया था. सूत्रों का कहना है कि बुधवार को आरोपियों को कोर्ट ने अग्रिम जमानत दे दी.

## डीएवीवी कैम्पस में छात्रों के दो गुट भिड़े

### घायलों को मेडिकल के लिए भेजा अस्पताल

**इंदौर.** खंडवा रोड स्थित देवी अहिल्या विश्वविद्यालय परिसर में छात्रों के दो गुटों में विवाद हो गया. यह विवाद गरबा आयोजन के मंच पर चढ़ने की बात पर शुरु हुआ था. इस दौरान एक गुट ने दुसरे गुट के छात्रों के साथ मारपीट भी की. मामले में एबीवीपी के कार्यकताओं ने विवाद करने वाले छात्रों पर एफआईआर दर्ज करवाने मांग भी की.

सहायक पुलिस आयुक्त जूनी इंदौर, देवेन्द्र सिंह धुर्वे ने बताया कि घटना विश्वविद्याय के आईईटी कैम्पस की है. जहां विश्वविद्यालय के छात्रों के दो गुटों में विवाद की सूचना पर पुलिस पहुंची थी. बताया गया है कि कैंपस के आईईटी में बुधवार को गरबे का आयोजन रखा गया था. आरोपी हैं कि कुछ कर्मचारी नेताओं ने बाहरी लोगों को भी इस आयोजन में बुला लिया था. इस दौरान एबीवीपी के छात्र नेता भी वहां आ गए थे. इन्होंने मंच पर चढ़ने की कोशिश की तो आयोजकों ने मना कर दिया था. विवाद यहीं से शुरु हुआ. इस दौरान होस्टल के छात्रों के एक गुट और एबीवीपी के नेताओं के बीच में विवाद हो गया. सूचना पर पहुंची पुलिस ने छात्रों के दोनों गुटों को समझाईश देकर वहां से हटाया. मगर इससे पहले ही कुछ छात्रों ने परिसर में रखे वाहनों तोड़फोड़ कर दी थी. आईईटी के छात्रों का आरोप है कि एबीवीपी के छात्र नेता जबरदस्ती मंच पर जाने के लिए विवाद कर रहे थे. इस पर होस्टल वाले कुछ छात्रों ने उन्हें पीट दिया. एबीवीपी के जिला अध्यक्ष सार्थक जैन ने पुलिस को बताया कि यहां पर बिना किसी की अनुमति के आयोजन किया जा रहा था. जिसमें यूनिवर्सिटी का भी कोई अधिकारी वहां पर मौजद नहीं था. वहीं कुछ छात्र शराब के नशे में भी थे, जिन्हें हमने रोका तो उन्होंने हमारे विवाद करते हुए मारपीट करने लगे. जिसमें हमारे कुछ छात्र घायल भी हुए है. पुलिस ने घायलों का मेडिकल करवाने के लिए एमवाय अस्पताल भेजा है. विवाद के सभी पहलु समझते हुए कार्रवाई की जाएगी.

## पत्नी को ससुराल लेने गए युवक को पीटा

### गंभीर हालत में अस्पताल में किया भर्ती



**इंदौर. रुस्तम का बगीचा में अपने ससुराल में पत्नी को लेने गए युवक को ससुराल वालों ने पीट दिया. पुलिस ने युवक की पत्नी के साथ अन्य लोगों के खिलाफ हत्या का प्रयास की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है.**

तुकोगंज पुलिस ने बताया कि एमवाय अस्पताल से पुलिस को सूचना मिली थी कि राज जाटवा नामक एक युवक को गंभीर हालात में यहां भर्ती किया गया है. सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस को घायल राज जाटवा के परिजनों ने बताया कि उसने दो साल पहले पलक नामक की एक युवती से प्रेम विवाह किया था.

दो तीन माह से दोनों के बीच किसी न किसी बात को लेकर विवाद हो रहे थे, जिसके चलते पलक रुस्तम का बगीचा स्थित अपने मायके आकर रहने लगी थी, राज उससे बात करने ही गया था. इसी बीच योजनाबद्ध तरीके से पलक, गजेन्द्र, मदन व पलक की मां राज पर जानलेवा हमला कर दिया. जिससे उसके शरीर में कई गंभीर चोंटे आई.

घटना की जानकारी लगते ही परिजन राज घायल को लेकर एमवाय पहुंचे थे. यहां डॉक्टरों ने बताया कि राज के गर्दन की हट्टी टूट गई है. इसलिए राज को वेंटिलेटर पर रखा गया है. मामले में पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है.

**छोटी-छोटी बातों पर होती थी बहस-** राज के परिजनों ने नवभारत को बताया कि दो साल पहले राज ने पलक से लव मैरिज की थी, थोड़े दिनों तक तो सब ठीक चलता रहा, मगर कुछ दिनों बाद दोनों में छोटी-छोटी बातों पर बहस होने लगी. कुछ दिनों बाद तो दोनों के बीच संबंध और भी खराब हो गए थे. इसके बाद पलक राज को छोड़ कर अपने मायके जाकर रहने लगी थी. कई बार राज ने उसे फोन कर बुलाया मगर उसने आने से मना कर दिया. जब पलक ने राज का फोन भी उठाना बंद कर दिया तो वह उसे लेने के लिए उसके घर गया था. जहां पलक के मायके वालों ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया.

## ताल-मेल बैठाकर मेट्रो के निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करें

### प्रबंध संचालक ने अधिकारियों और संबंधितों को निर्देश

**इंदौर. मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के प्रबंध संचालक एस. कृष्ण चैतन्य द्वारा सुपर प्रयोरिटी कोरिडोर एवं सम्पूर्ण प्रयोरिटी कोरिडोर पर चल रहे निर्माण कार्यों की इंदौर मेट्रो कार्यालय में सभी संबंधित विभागों, मेट्रो अधिकारियों, कन्सल्टन्ट व कान्ट्रैक्टर के साथ कार्यों की प्रगति संबंधित समीक्षा बैठक की गई.**

समीक्षा बैठक में वरिष्ठ अधिकारीगण अजय कुमार महाप्रबंधक सिविल (भूमिगत), रणवीर सिंह राजपूत महाप्रबंधक सिविल एलेवेट, राजीव कुमार गोयल महाप्रबंधक ऐड्मिन के साथ-साथ जनरल कंसल्टेंट और मेट्रो निर्माण संवेदकों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया. मेट्रो निर्माण में विभिन्न स्टेकहोल्डर्स के मध्य समन्वय और शेष बचे कार्यों के ससमय पूरा करने के उद्देश्य से विशेष बैठक की. प्रबंध संचालक ने सिविल और सिस्टम दोनों ही अवयवों को निर्माण सम्पूर्ण करने के लिए महत्वपूर्ण बताया और इसके लिए ताल-मेल बैठाकर जल्द निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये. प्रबंध संचालक ने एक साथ चलने वाले अलग-अलग निर्माण कार्यों के समानान्तर रूप से जारी रखने के लिए समन्वय आधारित आदर्श संचालन प्रणाली तैयार करने का निर्देश दिया. मेट्रो संचालन के लिए डिपो की अनिवार्यता पर प्रकाश डालते हुए प्रबंध संचालक ने आवश्यक निर्माण कार्यों में हुई प्रगति की भी जानकारी ली.

## डिवाइन ज्वेलर्स के आरोपी महिलाओं की अग्रिम जमानत निरस्त

**इंदौर.** शहर के प्रसिद्ध डिवाईन ज्वेलर्स के मालिकों के खिलाफ पिछले दिनों क्राईम ब्रांच ने लाखों रुपए की धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया था. यह शिकायत कर्नाटका बैंक के मैनेजर अमित कुमार की शिकायत पर डिवाइन ज्वेलर्स के मालिकों के खिलाफ दर्ज किया गया था.


**JANA SMALL FINANCE BANK**
(A scheduled commercial bank)

रजिस्टर्ड ऑफिस : द फेयरवे, भूतल एवं प्रथम तल, सर्वे नं. 10/1, 11/2 व 12/2-बी, ऑफिस दोमलुर, कोरामंडला इनर रिंग रोड, नेक्सट टू ईजीएल बिजनेस पार्क, छलाघट्टा, बैंगलोर- 560071, ब्रांच ऑफिस- प्लाट नं. 306-ए, पीयू 4, स्कीम नं. 54, काउंट्री इन होटल के सामने, मेन एबी रोड, विजय नगर, इंदौर- 452010

## ई-नीलामी सूचना

**वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित अधिनियम (सरफेसी अधिनियम) 2002 के प्रवर्तन के तहत ई-नीलामी के माध्यम से बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना, प्रावधान नियम 8 (6) व 9 के प्रावधान के साथ पढ़ें.**

जन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने सरफेसी अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है. ऋणी को विशेष रूप से और आम जनता को सूचित किया जाता है कि बैंक की बकाया राशि की वसूली के लिए नीचे दिए गए खाते में गिरवी संपत्ति की ऑनलाइन नीलामी (ई-नीलामी) जैसा है जहां है और जैसा है जैसा है पर आयोजित किया जाएगा निर्धारित तिथि पर यहां के तहत.

| क्र. | लोन एकाउंट नं. | मूल देनदार/सह देनदार/गारंटर का नाम | 13-2 नोटिस तिथि | कब्जा तिथि | वर्तमान बकाया | संपत्ति के निरीक्षण की तिथि व समय | आरक्षित मूल्य | बयाना राशि ईएमडी रु. में | ई-नीलामी तिथि व समय | बिड जमा की अंतिम तिथि, समय व स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 45579440000428 | 1. श्री पवन पुत्र घासीराम 2. श्रीमती रेखा बाई पत्नी पवन | 24.04.2023 | 12.07.2024 | रु. 2,71,735.65 (रु.दो लाख इकहत्तर हजार सात सौ पैंतीस व पैंसठ पैसा मात्र) 03.10.2024 | 12.10.2024 को 9.00 बजे से 5.30 बजे तक | रु. 2,82,000- (रु. दो लाख बयासी हजार मात्र) | रु. 28,200/- (रु. अट्ठाइस हजार दो सौ मात्र) | 18.11.2024 को 11.00 बजे से 2.00 बजे तक | 16.11.2024 को 05.00 बजे से पहले जना स्माल फायनेंस बैंक लिमि. प्लाट नं. 306-ए, पीयू 4, स्कीम नं. 54, काउंट्री इन होटल के पास, मेन एबी रोड, विजय नगर, इंदौर- 452010 |
| | **संपति विवरण अनुसूची-** मकान नंबर 22 वाली भूमि का वह पूरा टुकड़ा, जिसका क्षेत्रफल 500 वर्ग फीट है, तथा उस पर निर्माण कार्य भी। सर्वे नंबर 255, पी.एच. नंबर 8 का हिस्सा, ग्राम पंचायत रुई, तहसील घट्टिया और जिला उज्जैन (म.प्र.) की सीमा के भीतर, गांव माजरा बागुडी में स्थित है. चारों ओर- पूर्व में गोरेलाल का घर, पश्चिम में प्रकाश का घर, उत्तर में घनश्याम का घर और दक्षिण में कॉमन रोड. | | | | | | | | | |

सम्पत्तियां 'जैसी है जहां है तथा जैसी है जो है तथा ई-नीलामी 'ऑन लाइन' के आधार पर आयोजित की जा रही है. उक्त संपत्ति की खरीद से संबंधित सभी भुगतान जन लघु वित्त बैंक के पक्ष में किए जाएंगे. नीलामी बैंक के अनुमोदित सेवा प्रदाता मैसर्स 4 क्लोजर के माध्यम से आयोजित की जाएगी वेब पोर्टल https-//bankauctions.in और www.foreclosureindia.com पर अधिक जानकारी के लिए और ई-नीलामी पर विवरण, सहायता, प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए, संभावित बोलीकर्ता से संपर्क कर सकते हैं M/S 4 क्लोजर; संपर्क श्री एम. दिनेश, संपर्क नंबर- 8142000735. ईमेल आईडी dinesh@bankauctions.in, info@bankauctions.in ई-नीलामी की कार्यवाही में भाग लेने के लिए नियम और शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए और संपत्ति की दलीलों से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए जन लघु वित्त बैंक के अधिकारियों श्री अजय नाइक (मो. नंबर 9960948687) और श्री महेंद्र ब्रम्हाने (मोबाइल नं 9029290202) से संपर्क कर सकते.

प्राधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के लिए, संपत्तियों पर कोई भार नहीं हैं. हालांकि इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले बाधाओं, संपत्ति के शीर्षक के बारे में अपनी स्वतंत्र पूछताछ करनी चाहिए. कोई सशर्त बोली स्वीकार नहीं की जाएगी. यह ऊपर नामित कर्जदारों / गारंटरों / गिरवी रखने वालों के लिए भी एक नोटिस है, जो बंधक संपत्तियों के लिए निर्धारित ई-नीलामी के बारे में है। कर्जदार / गारंटर / बन्धककर्ता को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि वे ऊपर उल्लिखित राशि का भुगतान अद्यतन ब्याज और सहायक खर्चों के साथ करें नीलामी की तारीख से पहले, असफल होने पर संपत्ति को बेच दिया जाएगा और बकाया राशि, यदि कोई हो, ब्याज और लागत सहित वसूल की जाएगी.

दिनांक 10.10.2024, स्थान- इंदौर — ह./- प्राधिकृत अधिकारी, जन लघु वित्त बैंक लिमिटेड



**Kolhapur Municipal Corporation, Kolhapur**
**PUBLIC WORKS DEPARTMENT**

**Corrigendum 1 for Tender Notice 73 Dt. 01/10/2024**

Online tender through E-Tendering system www.mahatenders.gov.in in the above said tender is extended up to 12/10/2024 at 3.30 PM. Tender Opening Date 14/10/2024 at 5.00 PM. Terms and conditions remains same as per main tender documents. Date 09/10/2024

Sd/-
City Engineer
Kolhapur Municipal Corporation,
Kolhapur



**अपने व्यापार को दें नई ऊंचाइयां 'नवभारत' में विज्ञापन के माध्यम से**



## कार्यालय नगर पालिक निगम बुरहानपुर

निविदा सूचना क्र/राजस्व/2024-25/ — बुरहानपुर दिनांक-10-2024

### निविदा सूचना 2024-25

नगर पालिक निगम बुरहानपुर द्वारा ऑन लाइन पोर्टल https://mptenders.gov.in टेण्डर आमंत्रित किये जाते है। टेण्डर का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार हैः

| क्र | टेण्डर आई.डी.नं. | कार्य का नाम व स्थान | आरक्षित राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_UAD_374640_1 | इंदिरा कॉलोनी में राजस्थानी भवन के पीछे दुकान क्रमांक 01 | 560000/- | 2000/- 20000/- | 28-10-2024 |
| 2 | 2024_UAD_374650_1 | इंदिरा कॉलोनी में राजस्थानी भवन के पीछे दुकान क्रमांक 02 | 560000/- | 2000/- 20000/- | 28-10-2024 |
| 3 | 2024_UAD_374968_1 | इंदिरा कॉलोनी में राजस्थानी भवन के पीछे दुकान क्रमांक 03 | 560000/- | 2000/- 20000/- | 28-10-2024 |
| 4 | 2024_UAD_375040_1 | इंदिरा कॉलोनी में राजस्थानी भवन के पीछे दुकान क्रमांक 04 | 560000/- | 2000/- 20000/- | 28-10-2024 |
| 5 | 2024_UAD_375057_1 | इंदिरा कॉलोनी में राजस्थानी भवन के पीछे दुकान क्रमांक 05 | 560000/- | 2000/- 20000/ | 28-10-2024 |
| 6 | 2024_UAD_375063_1 | इंदिरा कॉलोनी में राजस्थानी भवन के पीछे दुकान क्रमांक 06 | 560000/- | 2000/- 20000/ | 28-10-2024 |
| 7 | 2024_UAD_375073_1 | इंदिरा कॉलोनी में राजस्थानी भवन के पीछे दुकान क्रमांक 07 | 560000/- | 2000/- 20000/- | 28-10-2024 |
| 8 | 2024_UAD_375103_1 | मंडी बाजार नवरंग होटल के पीछे दुकान क्रमांक 01 तल मंजिल | 875000/- | 2000/- 20000/- | 28-10-2024 |
| 9 | 2024_UAD_375104_1 | मंडी बाजार नवरंग होटल के पीछे दुकान क्रमांक 02 तल मंजिल | 875000/- | 2000/- 20000/ | 28-10-2024 |
| 10 | 2024_UAD_375108_1 | मंडी बाजार नवरंग होटल के पीछे दुकान क्रमांक 05 प्रथम मंजिल | 700000/- | 2000/- 20000/- | 28-10-2024 |
| 11 | 2024_UAD_375112_1 | मंडी बाजार नवरंग होटल के पीछे दुकान क्रमांक 06 प्रथम मंजिल | 700000/- | 2000/- 20000/- | 28-10-2024 |
| 12 | 2024 UAD 375115_1 | मंडी बाजार नवरंग होटल के पीछे दुकान क्रमांक 07 प्रथम मंजिल | 700000/- | 2000/- 20000/- | 28-10-2024 |
| 13 | 2024_UAD 375120_1 | मंडी बाजार नवरंग होटल के पीछे दुकान क्रमांक 08 प्रथम मंजिल | 700000/- | 2000/- 20000/- | 28-10-2024 |
| 14 | 2024_UAD_375098_1 | कुन्दन स्वीट्स के बाजू में दुकान क्रमांक 04 | 6000000/- | 10000/- 45000/- | 13-11-2024 |
| 15 | 2024_UAD_375102_1 | डाकवाडी रैन बसेरा के बाजू में दुकान क्रमांक 04 | 6000000/- | 2000/- 20000/- | 28-10-2024 |

ऑनलाइन क्रय एवं प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि **As per key Date,** कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। उपरोक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है, तो वेबसाइट पर ही दिखाई देगा।

**प्र राजस्व अधिकारी**
**वास्ते आयुक्त**
**नगर पालिक निगम बुरहानपुर**



**HSBC MUTUAL FUND**

**NOTICE**

**Disclosure of Half Yearly Portfolios of Schemes of HSBC Mutual Fund**

**NOTICE** is hereby given to the investors/ unit holders of all the schemes of HSBC Mutual Fund **("the Fund")** that in accordance with Regulation 59A of Securities and Exchange Board of India (Mutual Funds) Regulations, 1996 read with Clause 5.1 of the SEBI Master Circular dated June 27, 2024, the half yearly statement of Portfolios for all schemes of HSBC Mutual Fund for the half year ended September 30, 2024, has been hosted on the Fund's website, www.assetmanagement.hsbc.co.in and on AMFI's website www.amfiindia.com.

Unitholders can also submit a request for a physical or electronic copy of the statement of scheme portfolio through following modes:

Email: investor.line@mutualfunds.hsbc.co.in
Call: Toll free number(s) - 1800 200 2434/ 1800 419 0200 or +91 44 39923900 (Investors calling from abroad) between 8.00 a.m. to 8:00 p.m. from Monday to Friday and between 8.00 a.m. to 1.00 pm on Saturdays.

Applicants/ Unit holders may contact our Investor Service Centres/ their distributors, for any additional information/ clarifications. Also, please visit our website for any other related information.

For & on behalf of **HSBC Asset Management (India) Private Limited**
**(Investment Manager to HSBC Mutual Fund)**

Sd/-
Authorised Signatory
Mumbai, October 09, 2024

HSBC Asset Management

**Mutual Fund investments are subject to market risks, read all scheme related documents carefully.**

HSBC Asset Management (India) Private Limited, 9-11 Floors, NESCO IT Park, Building no. 3, Western Express Highway, Goregaon (East), Mumbai – 400 063, India.
Email: investor.line@mutualfunds.hsbc.co.in, Website: www.assetmanagement.hsbc.co.in
Customer Service Number - 1800 200 2434/ 1800 4190 200
Issued by HSBC Asset Management (India) Private Limited
CIN-U74140MH2001PTC134220